## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कटनी।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के भौतिक शास्त्र, गणित, विज्ञान, इतिहास, एनएसक्यूएफ विषय का मूल्यांकन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, प्रेक्षक विभा श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर एन पी गुप्ता, आलोक पाठक, संध्या बेन, एवं मूल्यांकन अधिकारी प्राचार्य एम किडो उपस्थित रहें। मूल्यांकन में होने वाली त्रुटिओं, रुबिकस प्रणाली से मूल्यांकन, अंको के योग, मुख्यपृष्ठ में प्रविष्टि, अंक प्रदान करने के तरीके एवं निर्देशों की जानकारी दी गई।

### स्वच्छता रील प्रतियोगिता में करें भागीदारी, मिलेगा नकद पुरस्कार

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा स्वच्छता रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए प्रतिभागियों को रील तैयार कर वायरल करने पर नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित तीन विषयों क्रमशः गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखो, कचरे का दोबारा उपयोग करो एवं खुले में कचरा मत फैलाओ पर रील तैयार कर सकते हैं। वीडियो लिंक शेयर करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित है। प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए निर्धारित तीन विषयों पर रोचक रील तैयार कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे एक्स, यूट्यूब एवं फेसबुक पर ज्यादा से ज्यादा शेयर करना होगा। रील को एमपी डॉट मायगॉव डॉट इन पर सबमिट करके प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। स्वच्छता संदेश पर केन्द्रित पांच सबसे अधिक वायरल रील बनाने वालो को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार दो लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार एक लाख रुपए, तृतीय पुरस्कार पचास हजार रूपए तथा दो प्रतिभागियों के लिए सांत्वना पुरस्कार 25-25 हजार रूपए निर्धारित है।

### ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलने से उपजा भटकाव

# सर्द-गर्म मौसम से मरीजों की बढ़ी तादाद स्टाफ की कमी से नहीं मिल पा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सरकारी अस्पतालों में हर जरूरतमंद को समय पर उपचार मिल सके इसके लिए लाखों करोड़ों रूपए की लागत से भवन व संसाधन तो सरकार ने मुहैया कराई लेकिन चिकित्सकों की कमी के चलते सारी व्यवस्थाएं धरी की धरी नजर आ रही हैं। आलम यह है कि ग्रामीण अंचलों के प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर नहीं होने के चलते उपचार के लिए लोगों को या तो जिला अस्पताल आना पड़ता है या फिर निजी अस्पतालों की ओर रूख करना होता है। दोनो ही हालातों में आर्थिक व्यय व मानसिक परेशानी होती है।




जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोजाना सैकड़ो मरीज पहुंचते हैं लेकिन जरूरी सेवा का भी लाभ नही मिल पा रहा यहां चिकित्सक के अभाव में परीक्षण से लेकर इलाज तक का जिम्मा नर्सिग स्टाफ के कंधो पर है। सबसे ज्यादा परेशानी तब बनती है जब कोई दुर्घटना पीड़ित, किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित या फिर जहर खाने, आग से जलने आदि कारणों से यहां पहुंचता है और तत्काल जरूरी इलाज भी नही मिल पाता। जो समझ आया वही इलाज किया गया फिर सीधे सीधे रिफर की पर्ची बना दी जाती है। कहने तो प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है लेकिन डाक्टरो के अभाव में लोगो को कामचलाऊ सेवायें भी नही मिल पा रही है फलस्वस्प लोग निजी डाक्टरो व झोलाछाप से ही लुटने पिटने मजबूर है।

शासन द्वारा ग्रामीण अस्पतालों में आबादी के मान से बड़ी पंचायतों में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन बनाकर यहां कम से कम से प्रत्येक केन्द्र में एक बहुउद्देष्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं एएनएम के पदों की मंजूरी दी गई है ताकि प्राथमिक तौर पर बीमार ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार व सही परामर्श मिल सके। लेकिन सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में स्वीकृत पद व दर्शित सुविधाए तो दूर केवल भवन ही शोपीस बना हुआ है। सरकारी अस्पतालों में डाक्टरो की कमी तो है ही मैदानी अमला भी पर्याप्त नही है। एक एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के जिम्मे न सिर्फ कई गांव है बल्कि दो या इससे भी अधिक उपस्वास्थ्य केन्द्र है।

गांव गांव चिन्हित बड़ी पंचायतों में इस उद्वेश्य से उपस्थास्थ्य केन्द्र बनाये गये है ताकि स्थानीय व आसपास के गांवो के ग्रामीणों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मिल सके। उपस्वास्थ्य केन्द्रो में मरीजों के उपचार, दवा कक्ष से लेकर अन्य प्रांरभिक सेवाओं को ध्यान में रखकर भवन तो बनाया गया है इसी भवन में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के निवास की भी सुविधा है बावजूद इसके दो या दो से अधिक स्वास्थ्य केन्द्रो का प्रभार होने की वजह से ज्यादातर स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रभार वाले स्थानों में न रहकर अन्यत्र जगहो से अपडाउन कर रहे है।

# स्वेच्छाचारिता पर सिहुड़ी बाकल पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने वाले बहोरीबंद तहसील के राजस्व निरीक्षक मंडल बाकल पटवारी हल्का नंबर 15 ग्राम सिहुड़ी के पटवारी अनिल कोल को एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में पटवारी अनिल कोल का मुख्यालय तहसील कार्यालय बहोरीबंद नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। एसडीएम बहोरीबंद द्वारा पटवारी श्री कोल के जारी निलंबन आदेश में उल्लेखित किया गया है कि 11 फरवरी को बाकल में आयोजित जन सुनवाई में आवेदिका श्रीमती विद्याबाई लोधी निवासी ग्राम सिंहुड़ी के द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) बहोरीबंद द्वारा संबंधित हल्का पटवारी 15 सिंहुड़ी अनिल कोल से जांच प्रतिवेदन चाहा गया था। श्री कोल के द्वारा उक्त संबंध में अपने निजी कर्मचारी के माध्यम से अपूर्ण जांच प्रतिवेदन 21 मार्च को न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया गया। श्री कोल के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वे ग्राम बहोरीबंद में अपने निजी कार्यालय में बैठे हुए हैं। जिनका फोन स्विच ऑफ होना पाया गया। जिसकी तत्काल जांच करायी गयी। जिसमें अनिल कोल पटवारी हल्का 15 सिंहुड़ी ग्राम बहोरीबंद अन्तर्गत स्थित शिव गणेश पटेल के मकान में बनाए निजी कार्यालय (हल्का से लगभग 25 किमी दूर) में दोपहर बैठे होना पाए गए। जिसकी मौके पर फोटीग्राफी भी करायी गयी। समस्त हल्का पटवारियों को अपने-अपने पटवारी हल्का मुख्यालय में रहकर कार्य करने, कई बार बैठकों में समक्ष में एवं व्ही०सी० के माध्यम से निर्देशित किया गया है। फार्मर आईडी कार्ड ई केवाईसी एवं वसूली कार्य हेतु भी एसडीएम बहोरीबंद द्वारा निर्देशित किया गया। किन्तु निर्देशों के पश्चात भी अनिल कोल के द्वारा अपने हल्का मुख्यालय से लगभग 25 किमी दूर मुख्यालय बनाकर कार्य किया जा रहा है। जिससे स्पष्ट होता है कि श्री कोल अपने मुख्यालय में उपस्थित न होकर अपने निजी कार्यालय में बैठकर कार्य करते हैं जिससे परेशानी होती है।

### न्याय निर्णायक अधिकारी ने लगाया अर्थदंड

# अवमानक पनीर एवं मिथ्याछाप छेना विक्रेताओं पर 45 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत अवमानक खाद्य पदार्थ पनीर का निर्माण एवं विक्रय करने पर न्यू सावरिया डेयरी सुधार न्यास कॉलोनी और खाद्य पदार्थ छेना का नमूना मिथ्याछाप पाये जाने पर ओम साईं स्वीट्स एण्ड बेकरी न्यू बस स्टैण्ड के विरूद्ध न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी साधना परस्ते ने आर्थिक दण्ड लगाया है। इन दोनों को मिलाकर 45 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित किया गया है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा 12 अप्रैल 2023 को सुधार न्यास कॉलोनी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान न्यू सावरिया डेयरी से विक्रेता अमिताभ तिवारी की मौजूदगी में खाद्य पदार्थ दही, पनीर एवं गाय- भैंस मिश्रित दूध का नमूना लिया गया । पूरी कार्यवाही का पंचनामा बनाया गया और विक्रेता व गवाह के नीचे पंचनामा में हस्ताक्षर करवाये गये। इन नमूनों को खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा गया। जहां से खाद्य पदार्थ दही, पनीर एवं गाय-भैंस मिश्रित दूध का नमूना अवमानक पाया गया। इसके आधार पर खाद्य कारोबार कर्ता के विरूद्ध खाद्य पदार्थ का भण्डारण तथा विक्रय करने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की अवहेलना के अपराध में न्याय निर्णायक अधिकारी श्रीमती परस्ते ने 15 हजार रुपये के आर्थिक दण्ड से दण्डित करने का आदेश पारित किया है।

इसी प्रकार एक अन्य मामले में ओम साईं स्वीट्स एण्ड बेकरी के खाद्य पदार्थ छेना का नमूना मिथ्याछाप पाये जाने पर दुकान के कारोबारकर्ता अश्विनी जायसवाल के विरूद्ध अवमानक खाद्य पदार्थ विक्रय के लिये अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने 30 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है। ओम साई स्वीट्स एण्ड बेकरी से खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी द्वारा 4 मार्च 2023 को खाद्य पदार्थ पेड़ा एवं छेना के नमूने लेकर भोपाल प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा गया था। जिसमें छेने के नमूने को मिथ्याछाप पाया गया। इसके लिये कारोबारकर्ता अश्विनी जायसवाल के विरूद्ध 30 हजार रुपये का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया।

अधिरोपित शास्ति की राशि खाद्य अपमिश्रण एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगी।न याय निर्णायक अधिकारी ने अधिरोपित शास्ति की राशि 30 दिवस में जमा करने की समय सीमा तय की है। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर लायसेंस निरस्त की कार्यवाही होगी।

### राजपूत करणी सेना ने सांसद का किया पुतला दहन




रविवार को कटनी जिला राजपूत करणी सेना के द्वारा मिशन चौक में सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला दहन किया गया। करनी सेना के पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए सांसद से इस्तीफा मांगा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। दरअसल समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महान योद्धा महाराणा सांगा पर दिए गए बयान के बाद आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके विरोध में रविवार को जिला राजपूत करणी सेना के द्वारा मिशन चौक में सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला दहन किया गया। करनी सेना के पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए सांसद से इस्तीफा मांगा है। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

# घंटाघर मार्ग में भारी वाहन के प्रवेश को लेकर बनी गहमा गहमी की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

घंटाघर पहुंच मार्ग में भारी वाहन के प्रवेश को लेकर गहमा गहमी की स्थिति निर्मित हो गई। दरअसल घंटाघर पहुंच मार्ग में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। गत रात्रि एक भारी वाहन अंदर प्रवेश कर गया जिसको लेकर ठेकेदार एवं ट्रांसपोर्टर्स के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर पुलिस और नगर निगम अधिकारियों को पहुंचकर विवाद शांत कराना पड़ा। गौरतलब है कि चांडक चौक से घंटाघर मार्ग का डामरीकरण चल रहा है। लोगों को असुविधा न हो इसलिए ठेकेदार द्वारा ज्यादातर काम रात्रि में ही किया जा रहा है, ताकि आवागमन बंद रहने से काम करने में सहूलियत हो। गत रात्रि डामरीकरण के चलते बैरियर हटाकर 8 चका ट्राला इस मार्ग पर प्रवेश करने लगे तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जाहिर है रोड बनने के दौरान अगर भारी वाहन निकलेंगे तो सड़क की दुर्दशा हो जाएगी। इस स्थिति को देखते हुए ठेकेदार के लोगों द्वारा ट्राला को रुकवा दिया गया। इस पर चालकों ने ट्रांसपोर्टर्स को सूचित कर दिया। कुछ ही देर में ट्रांसपोर्ट व्यवसाई एकत्रित हो गए तथा विवाद करने लगे। विवाद बढ़ता देख पुलिस और निगम अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।



# समर्थन मूल्य पर तुअर फसल उपार्जन के लिए पंजीयन कल से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी वर्ष 2024 -25 एवं विपणन वर्ष 2024 - 25 में समर्थन मूल्य पर तुअर फसल के पंजीयन हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने निर्देश जारी किये हैं। जिले में पंजीयन कार्य 25 मार्च से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। पंजीयन की कार्यवाही मध्यप्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गेहूँ के ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जाना है। तुअर का पंजीयन गेहूँ के पंजीयन हेतु निर्धारित केन्द्रों पर ही किया जायेगा। तुअर फसल के पंजीयन तिथि 25 मार्च से 20 अप्रैल तक (समस्त कार्य दिवसों) में की जायेगी।

### जिले में 55 हैं पंजीयन केन्द्र

सहकारी विपणन संस्था मर्या० कटनी कुठला, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कन्हवारा, प्राथमिक कृषि साख समिति पहाड़ी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चाका (कैलवारा), कैलवाराकला, वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति कटनी मुडवारा, वृहताकार कृषि साख सहकारी, समिति हीरापुर कौड़िया।

**ढ़ीमरखेड़ा-** प्राथमिक कृषि साथ समिति पानउमरिया, प्राथमिक कृषि साख समिति खमतरा, प्राथमिक कृषि साथ समिति ढीमरखेडा, प्राथमिक कृषि साख समिति दशरमन, प्राथमिक कृषि साख समिति सिलौंडी, प्राथमिक कृषि साथ समिति झिन्ना पिपरिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति देवरीमंगेला, विपणन सहकारी समिति उमरियापान

**बड़वारा** - प्राथमिक कृषि साख समिति बडवारा बडवारा कला, प्राथमिक कृषि साख समिति विलायतकला (केन्द्र क्र. 01), प्राथमिक कृषि साख समिति विलायतकता (केन्द्र क्र. 02) भजिया, प्राथमिक कृषि साख समिति अमाडी (कांटी) (केन्द्र के. 01) अमाडी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बसाडी, प्राथमिक कृषि साख समिति नन्हयारा सेझा नन्हवारा सेझा।

**बरही-** प्राथमिक कृषि साख समिति बरही (केन्द्र क्र. 01), प्राथमिक कृषि साख समिति बरही (केन्द्र क्र. 02), प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिपरियाकला पिपरियाफला, किसान सहकारी विपणन समिति बडवारा करेला।

**बहोरीबंद-** प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद, प्राथमिक कृषि साख समिति हथियागढ, प्राथमिक कृषि साख ममिति कुआं, प्राथमिक कृषि साख समिति कूडन, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बाकल, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिंहुडी, प्राथमिक कृषि साथ सहकारी समिति इमलिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चादनखेडा, प्राथमिक कृषि साख समिति देवरी खरगवां, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सलैया (पटोरी) सलैया पटोरी, महाकाल विपणन सहकारी समिति बहोरीबंद बरही (बाकल)।

**रीठी-** प्राथमिक कृषि साख समिति रीठी (केन्द्र क्र. 01), प्राथमिक कृषि साख समिति रीठी (केन्द्र क्र. 02) मोहास, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बिलहरी , प्राथमिक कृषि साख समिति बड़गांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति वकलेहटा, प्राथमिक कृषि साख समिति रैपुरा, कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी देवगाँव।

**विजयराघवगढ़-** प्राथमिक कृषि साख समिति अमाडी (कांटी) (केन्द्र क्र. 02) कॉटी, प्राथमिक कृषि साख समिति सिनगौडी, प्राथमिक कृषि साख समिति विजयराघवगढ, प्राथमिक कृषि साख समिति देवराकला, प्राथमिक कृषि साख समिति जिवारा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अमहेटा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सलैया कोड़ारी, प्रियदर्शिनी विपणन सहकारी समिति विजयराघवगढ़ उवरा

**स्लीमनाबाद-** प्राथमिक कृषि साख समिति तेवरी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति स्लीमनाबाद, प्राथमिक कृषि साख समिति पडरभटा, प्राथमिक कृषि साख समिति धरवारा, प्राथमिक कृषि साख सहमारी समिति धूरी।

### महापौर ने कहा मूलभूत सुविधाएं दिलाने लगातार किये जा रहे प्रयास

# दो वार्डों में 24 लाख के विकास कार्यों की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के साथ ही नगर की बेहतर सफाई व्यवस्था ओर सुगम यातायात की सुविधा हेतु नगर निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन में निगम प्रशाशन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे है।

रविवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ओर भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन द्वारा महात्मा गांधी वार्ड में लगभग 12 लाख रुपए की लागत से विभिन्न स्थानों में कराए जाने वाले नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन क्षेत्रीय रहवासियों के साथ किया गया।

भूमिपूजन के अवसर पर एमआईसी सदस्य रमेश सोनी, शिबू साहू, अवकाश जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, बीना बैनर्जी सहित पार्षद



शशिकांत तिवारी, शकुंतला सोनी, सोनू बहरे, बल्ली सोनी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

महापौर सूरी ने कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्यों में स्थानीय नागरिकों का सहयोग जरूरी होता है। निर्माण कार्य नागरिकों की सुविधा के लिए ही कराया जा रहा है अतः आपको भी इस कार्य की निगरानी करनी होगी ताकि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो सके। इस दौरान आपने क्षेत्रीय रहवासियों से निर्माण कार्य के दौरान नालियों के ऊपर का छोटा मोटा अतिक्रमण स्वयं हटाने का आग्रह भी किया ताकि सड़क चौड़ी होने से भविष्य में आवागमन की बेहतर सुविधा नागरिकों को मिल सके और सफाई कार्य में निगम के स्वच्छता मित्रों को परेशानी न हो।

इसके पूर्व क्षेत्रीय पार्षद एवं वार्डवासियों द्वारा विकास कार्यों की सौगात दिए जाने पर महापौर श्रीमती सूरी, निगमाध्यक्ष श्री पाठक ओर जिलाध्यक्ष श्री टंडन का जोरदार स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया गया।

### 12 लाख के पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य की सौगात

श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के नागरिकों को 12 लाख की लागत से होने वाले पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य की सौगात महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा दी गई। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं वार्ड पार्षद अर्चना विनीत जायसवाल की विशेष उपस्थिति रही। श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के नागरिकों को 12 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक विकास कार्य की का भूमिपूजन महापौर एवं निगमाध्यक्ष की मौजूदगी में स्थानीय पार्षद एवं क्षेत्रीय नागरिक श्री जवाहर लाल जी द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कर किया गया । पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य की सौगात देने पहुंची महापौर श्रीमती सूरी , निगमाध्यक्ष श्री पाठक एवं स्थानीय पार्षद का वार्डवासियों द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया जाकर इस सौगात के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल देखने को मिला ।

### लोगों की सुनी समस्याएं

महापौर श्रीमति सूरी ने वार्डवासियों से कहा कि वार्डों में लोगों की मूलभूत बुनियादी सुविधाओं में कमी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने कहा की वे आम जनमानस से सीधे संवाद कर उनकी समस्यायें समझ रही है, साथ ही समस्त वार्डो में विकास को गति प्रदान करने का प्रयास कर रही है।

# टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार के प्रकल्प में भागीदारी निभाने उठे हजारों हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में पीड़ित मानवता की सेवा का सामाजिक अनुष्ठान चल रहा है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में कटनी जिले को टीबी मुक्त बनाने के प्रयासों की परिणति और परिश्रम के साक्षी रहे पिछले दिसम्बर माह से शुरू सौ दिवसीय टीबी मुक्त अभियान से समाज को जोड़ने में मिला जन सहयोग इस पुण्य प्रकल्प को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है। इस वजह से अब तक 925 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार देनें का अभिनव कार्य चल रहा है। इस दौरान निर्धारित लक्ष्य 4 लाख 27 हजार 594 के विरूद्ध 4 लाख 65 हजार 993 लोगों की स्क्रीनिंग की गयी। जो लक्ष्य का 109 फीसदी है। करीब 47 हजार लोगों का एक्स-रे और न्यूक्लेइक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट 11 हजार लोगों का किया गया।

कलेक्टर कहते हैं कि- प्रधानमंत्री के संकल्प का अनुसरण कर हम सब मिलकर वर्ष 2025 तक कटनी से टीबी खत्म करने के लक्ष्य पर काम कर रहे है। श्री यादव के आह्वान पर अब तक जिले में 502 नि-क्षय मित्र बने है, जिन्होनें टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेकर उन्हे पौष्टिक आहार देने का सामाजिक दायित्व निभा रहे है।

कलेक्टर के निर्देश हैं कि जिले का कोई भी टीबी मरीज इलाज और पौष्टिक आहार से न छूटे, इसके लिए सुनियोजित रणनीति पर कटनी जिले में कार्य किया जा रहा है। टीबी दवाईयां शासन से पूरी तरह निःशुल्क दी जाती है। लेकिन ये तभी असरकारी और प्रभावी सिद्ध होती है जब मरीज को पोषण युक्त आहार मिले। इसके लिए सामाजिक सहभागिता का आह्वान कर मरीजों को गोद लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि जिले में इसे जन-आंदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

जिले में टीबी रोगियों को नि-क्षय मित्रों की मदद से पौष्टिक आहार देने का अनुष्ठान चल रहा है। जिले में चल रहा यह प्रयास और कार्य इस बात की गवाही देता है कि, चुनौती चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, जब समाज की भागीदारी हो जाये तो नया रास्ता भी निकलता है। कलेक्टर श्री यादव कहते है की- जिले में टी.बी के खिलाफ निर्णायक जंग मे सम्मिलित प्रयासों की दरकार है, और कटनी में इसके लिए लोगों के उठे हजारों हाथों ने बड़ी चुनौती को भी बौना बना दिया है। यहां का हर नागरिक टी.बी मुक्त कटनी बनाने के महायज्ञ में जीतेगा कटनी, हारेगा टी बी के संकल्प के साथ अपने हिस्से की पुण्य आहुति देने प्रतिबद्ध है।

## खबर संक्षेप



### जन्म कल्याण महोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**कटनी।** रविवार को जैन संप्रदाय के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जैन पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि नगर के सभी जैन मंदिरों में पूजन अभिषेक के पश्चात भगवान आदिनाथ जी की भव्य शोभायात्रा महावीर कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होकर घंटाघर, भगवती चौराहा, हीरागंज, गोलबाजार, मेन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, जवाहर चौक से होते हुए महावीर चौक स्थिति बड़े जैन मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में रथ पर श्री जी सवार थे। डीजे पर भजन गाते हुए युवा जन जय-जयकार लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा मार्ग पर में जगह-जगह रंगोली सजाकर आरती उतारकर श्री जी की भव्य अगवानी की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति, आचार्य विद्यासागर युवा संगठन, श्री 1008 शांति सागर रात्रिकालीन पाठशाला के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

### परेशान युवक ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन, हालत गंभीर

**कटनी।** मानसिक रूप से परेशान एक युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। समय रहते उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज जारी है हालांकि उसकी हालत गंभीर बताई गई है। मामला स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत चरगवां गांव का है। जानकारी के अनुसार रविदास सिंह 19 वर्ष के द्वारा एक फायनेंस कंपनी से 10 हजार रुपये का लोन लिया था जिसके ब्याज की रकम रवि को डेढ़ लाख रुपये देने कंपनी लगातार परेशान कर रहें थे। कभी वीडियो कॉल तो कभी फोन कर रवि को कंपनी के कर्मचारी परेशान कर रहे थे। जिसके कारण युवक मानसिक तनाव में था। इसी तनाव के चलते रवि दास सिंह द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। रवि के दोस्त आनन-फानन में उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है रवि का सिलेक्शन कुछ दिन पूर्व ही इंडियन आर्मी में हुआ है जिसके लिए उसे दो दिन बाद हैदराबाद जाना था लेकिन इससे पहले युवक सॉइबर क्राइम का शिकार हो गया। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम 24 मार्च को

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार 24 मार्च को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें सी.एम. हेल्पलाइन की संलग्न विभागों/विषयों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं एवं समाधान एक दिवस के विषयों की समीक्षा की जायेगी। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा इस संबंध में समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि सी.एम.हेल्पलाईन में शिकायतों की समीक्षा कर उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को लेखा प्रशिक्षित किये जाने के लिए राज्य शासन की मंशा के अनुरूप लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में आगामी सत्र एक अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो रहा है। इस संबंध में कोषालय अधिकारी ने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा है कि वे अपने कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के लिपिकीय कर्मचारियों को लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षित करायें। इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि सोमवार 24 मार्च की शाम 5 बजे तक नियत की गई है। अधिक संख्या में प्रवेश फार्म भरवाकर आगामी सत्र में प्रशिक्षित करवाने के लिए कार्यवाही करने के लिए कहा है, ताकि कर्मचारियों की दक्षता में सुधार के साथ ही लेखा कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

### जिले भर में दो सैकड़ा से अधिक पुलिस कर्मियों ने की काम्बिंग गश्त

# आधी रात से तड़के तक सड़कों में घूमें पुलिस कर्मी, बदमाशों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में अपराधिक गतिविधियों को रोकने एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए बीती रात पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर के थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों ने मातहत कर्मचारियों के साथ काम्बिंग गश्त की। काम्बिंग गश्त रात्रि से लेकर तड़के तक चली। इस कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन भी शामिल हुए। एसपी स्वयं कांबिंग गश्त में निकले एवं क्षेत्र में गतिविधियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। थाना एवं चौकी प्रभारी एवं कांबिंग गस्त में रवाना होने वाले बल को स्वयं ब्रीफ कर कार्यवाही हेतु दिए निर्देश। जिले में राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारियों दल-बल के साथ कांबिंग गश्त की गई जिसमें 102 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

कप्तान द्वारा जिले भर के थाना/ चौकी प्रभारियों को सदलबल कांबिंग गस्त करने एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने स्वयं शहरी थाना/ चौकी प्रभारियों मय बल को थाना कोतवाली परिसर में एकत्रित कर गणना ली जाकर अपराधियों के विरुद्ध सघन चेकिंग करते हुए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, रेस्टोरेंट, होटल, ढाबा तथा थाना स्लीमनाबाद क्षेत्र का भ्रमण कर किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा एवं शहर के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी अपने बल के साथ मौजूद रहकर कांबिंग गस्त की गई।

#### कांबिंग गश्त में की गई ये कार्यवाही

गिरफ्तारी वारंटी – 62 गिरफ्तार, स्थाई वारंटी – 40 गिरफ्तार, गुंडा चेकिंग – 73 चेक किए गए। जिला बदर चेकिंग – 05 चेक किए गए। निगरानी बदमाश – 67 चेक किए गए। जेल रिहाई – 06 चेक किए गए।

#### इन प्रकरणों में अपराध दर्ज

एसपी के निर्देश पर जिले में पुलिसिया काम्बिंग गश्त के दौरान जुआ अधिनियम के 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के वैधानिक कार्यवाही की गई। इसी तरह आर्म्स एक्ट के 04 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों पर कार्यवाही की गई।

अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 87 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए। परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 17 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

परिशांति कायम रखने हेतु 156 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। 37 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी

#### बदमाशों को दी गई हिदायत

जिले के सभी थाना प्रभारियों ने रात 12 बजे से अपने क्षेत्र में गश्त शुरू की। मध्य रात्रि में होटल, ढाबा, एटीएम चेक किए और आकारण घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ व वाहनों को चेक किया गया। गश्त के दौरान पुलिस ने 140 से अधिक हिस्ट्रीशीटर, गुण्डा बदमाशों की रात में चेकिंग की साथ ही उन्हें आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी।



## निर्माणाधीन कार्यों का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

### पूर्व सूचना के बाद भी सचिव रहा नदारत, की जाएगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार ब्रतेश जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के द्वारा ग्राम पंचायत पड़वई के ग्राम बदेरा में निर्माणाधीन सीसी रोड़ व नाली निर्माण कार्य, ग्राम छाता में वृक्षारोपण व आंगनवाड़ी निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण हो, इसके लिए निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

मौके पर सचिव ग्राम पंचायत दुर्गेश जायसवाल पूर्व सूचना के भी अनुपस्थित रहे। जिस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कार्यवाही करने की बात कही। ग्राम पंचायत कांटी में भ्रमण के दौरान पंचगली में विगत दिनों हटाए गए अतिक्रमण का अवलोकन कर तार फेंसिंग करते हुए मुख्यमंत्री अधोसरंचना मद व विधायक निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवनों का कार्य अतिशीघ्र प्रारम्भ करने के लिए निर्देश दिए। कुम्हार मोहल्ले में कई दिनों की जद्दोजहद के बाद हुए नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मोहल्ले वासियों द्वारा नाली निर्माण होने पर सन्तुष्टि व प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के द्वारा दोनों ग्राम पंचायतों में आवास प्लस के सर्वे को जल्द ही पूर्ण करने के निर्देश सर्वेयर को दिए है। श्री जैन ने निर्देशित किया है कि निर्धारित समय सीमा में सभी पात्र हितग्राहियों का सर्वे पूर्ण कर लिया जाए।

### विद्यार्थियों ने शैक्षणिक एवं महत्वपूर्ण संस्थानों का किया भ्रमण

## उज्जैन के तारा मंडल में ब्रह्मांड के रहस्यों को देख रोमांचित हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही के प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, दल प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण दल अकादमिक उत्कृष्टता में वृद्धि के उद्देश्य के साथ मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल एवं उज्जैन पहुंचा, जिसके तहत विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर वहां विभिन्न ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त की, जहां सर्वप्रथम भ्रमण दल ने भोपाल स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का भ्रमण किया। जहां मानव तथा संस्कृति के विकास के इतिहास को चित्रों, संग्रह एवं अन्य विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शित किया गया है। यह पारंपरिक एवं प्रागैतिहासिक चित्रित अनोखा संग्रहालय श्यामला हिल्स की पहाड़ियों में लगभग 200 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। उसके बाद भ्रमण दल एन. सी. ई. आर. टी. द्वारा संचालित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में पहुंचा जहां संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में, विजिट प्रभारी आस्था मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा आर. आई. ई. भोपाल में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमो के साथ प्रवेश प्रक्रिया एवं संस्था से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई, कार्यक्रम के अगले चरण में भ्रमण दल आई. टी., स्टूडियो, कैरियर गाइडेंस, स्टीम पार्क, पुस्तकालय आदि विभागों में गया, जहां पर सभी विभागाध्यक्षों द्वारा उनके विभाग में प्रयोग की जाने वाली विभिन्न तकनीको एवं नवाचारों से संबंधित जानकारियो को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, माडलो तथा विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से बहुत ही सरल तरीके से समझाया, उसके बाद भ्रमण दल ने वन विहार भोपाल का भ्रमण कर वहां पाए जाने वाले विभिन्न वन्य प्राणियों से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त की। उज्जैन पहुंचकर वहां के तारा मंडल केन्द्र में अंतरिक्ष के विज्ञान को करीब से समझा एवं थ्रीडी फिल्म के जरिए तारो, सितारों एवं स्पेस में होने वाले रोमांच का अनुभव किया।

### वॉल पेंटिंग के माध्यम से जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित



पर्यावरण संरक्षण के लिए समूह विजन के सदस्यों के द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में निर्मल सलिल अभियान के अंतर्गत अमीरगंज तालाब में श्रमदान कार्यक्रम चलाया गया जिसमें वॉलिंटियर्स समाजसेवियो एवं नागरिकों की सहभागिता में तालाब के किनारे पाथवे एवं तालाब के अंदर से कचरा को निकाला गया। तथा मसुरहा घाट में लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वॉल पेंटिंग बनाई गई। निर्मल सलिल अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को जल निकायों के संरक्षण की दिशा में विभिन्न प्रयास किया जा रहे हैं। विज़न समूह के द्वारा विभिन्न जल निकायों एवं घाटों के आसपास बोर्ड्स के माध्यम से भी सफाई बनाए रखने की अपील की जा रही है तथा विशेष निर्माल्य कलश स्थापित करने की भी मांग की जा रही है।

## बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर कुर्की की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरूद्ध विद्युत विभाग द्वारा अब सख्त कार्यवाही की जा रही है। स्लीमनाबाद उपसंभाग अंतर्गत वितरण केंद्र बहोरीबंद, बाकल, बचेया, स्लीमनाबाद एवं तेवरी में बकाया बिजली बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं पर कुर्की की कार्रवाई की गई। इन वितरण केंद्रों के कुल 54,465 उपभोक्ताओं पर 21 करोड़ 22 लाख की बकाया राशि दर्ज है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के राजस्व संग्रहण लक्ष्य की पूर्ति हेतु 8 विशेष टीमें विभिन्न वितरण केंद्रों में बकायादार उपभोक्ताओं के विरुद्ध कुर्की कार्रवाई कर रही हैं। इस कार्रवाई के तहत मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर, समरसेबल पंप, कुलर सहित चल-अचल संपत्तियां एवं बैंक खाते सीज किए जा रहे हैं। साथ ही, जप्त सामग्री की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की गई है तथा 90% से अधिक बकायादार उपभोक्ताओं वाले ग्रामों की विद्युत आपूर्ति बंद की जा रही है। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपनी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें एवं शासन के कार्यों में सहयोग प्रदान करें, जिससे संभावित कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

### भैंसवाही में लोक सुनवाई सह जन संवाद 24 मार्च को

## जनता के बीच पहुंचकर कलेक्टर सुनेंगे उनकी समस्याएं, निराकरण के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। जिले में लोक सुनवाई सह जनसंवाद का कार्यक्रम जारी है।ज़िले मे अगली लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम बुधवार 26 मार्च को शाम 4 बजे से विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत भैंसवाही में होगा'। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होंगें। जिले के अलग-अलग दूरस्थ स्थानों में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर ने सभी के लिए दिन, तिथि और समय घोषित कर दिया है।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी,एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी जारी किया है।

बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

#### यहां होगी लोक सुनवाई

बुधवार 26 मार्च को विजयराघवगढ़ के भैसवाही में, गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

### सीसी रोड का महापौर व निगमाध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## निर्मल धाम और मंगलनगर वासियों को मिली विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के मद्देनजर लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के सांसद विष्णु दत्त शर्मा द्वारा स्वीकृत की गई सांसद निधि से कटनी नगर में विकास कार्य अनवरत जारी है। शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा रामकृष्ण परमहंस वार्ड स्थित निर्मल धाम ओर मंगल नगर में नागरिकों के सुगम यातायात की सुविधा हेतु स्वीकृत सांसद निधि से सी.सी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन स्थानीय पार्षद एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में उत्साहपूर्ण माहौल में पूजन अर्चन उपरांत संपन्न हुआ। भूमिपूजन में पार्षद शकुंतला सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, बीना बैनर्जी, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शशिकांत तिवारी, उमेन्द्र अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

भूमिपूजन करने पहुंची महापौर श्रीमती सूरी और निगमाध्यक्ष श्री पाठक का क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा पुष्पगुच्छ से जोरदार स्वागत किया किया गया तथा सांसद विष्णु दत्त शर्मा को इन विकास कार्यों की सौगात देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान स्थानीय जनों द्वारा अन्य समस्याओं की जानकारी दिए जाने पर महापौर श्रीमती सूरी ने समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने का आश्वाशन दिया।

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीबों के कल्याण और विकास की गंगा बहाने के लिए लगातार कार्यरत है। सरकार की जनहितैषी नीतियों से नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। महापौर श्रीमती सूरी ने अपने उद्बोधन में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं तथा विकास की नीतियों की जानकारी भी उपस्थित जनों के बीच साझा की।

नगर विकास हेतु सांसद निधि से राशि स्वीकृत किए जाने पर सांसद को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने भविष्य में भी नागरिकों की सुविधाओं और नगर विकास हेतु निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की बात कही।

भूमिपूजन के अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिक आशिक अली , जयकुमार, सुरेश प्रसाद, बीएम छगन, सियाराम सहित मातृशक्ति अर्चना सिंह, साधना साहू, कुसुम लता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## आवास योजना का लाभ लेने मासांत तक जुड़वा सकेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जारी सर्वे में नाम जुड़वाने का कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ग्रामीणों से आग्रह किया है। सर्वे के दौरान इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जायेगी । योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक के लिए मंजूरी दी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।


प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव, ग्राम रोजगार सहायक द्वारा किया जा रहा है। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जा रहा है।इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाइल से भी आवेदन कर सकेंगे।

इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब्ध है। इस ऐप से सर्वे प्रक्रिया सहज ,सरल और डिजिटल होती है।सर्वे के लिए समस्त प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)जिले,जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई है ।

## खबर संक्षेप

### प्लांटेशन में भड़की आग, बुझाने के प्रयास में झुलसे तीन सुरक्षा श्रमिक



**पन्ना।** गर्मी आते ही पन्ना जिले में जंगलों में आग लगने का भी सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसा ही एक मामला आज उत्तर वन मंडल अंतर्गत आने वाले झलाई प्लांटेशन में देखने को मिला जहां अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिसे बुझाने के प्रयास में तीन सुरक्षा श्रमिक झुलस गए। किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे जिन्हें आनन- फानन में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती करवाया गया है। प्लांटेशन में लगी आग को बुझाने का प्रयास जारी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उत्तर वन मंडल अंतर्गत आने वाले झलाई प्लांटेशन में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिसे बुझाने के प्रयास में कपूर सिंह यादव उम्र 55 वर्ष, हरि सिंह यादव उम्र 60 वर्ष एवं राजेंद्र सिंह यादव उम्र 50 वर्ष तीनों सुरक्षा श्रमिक बुरी तरह झुलस गये। आग लगने की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती करवाया गया जहां उनका उपचार जारी है। जंगल में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी हरि सिंह यादव और राजेन्द्र सिंह यादव घायल सुरक्षा श्रमिकों ने दी।

### पवई नगर के प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ डॉ जीवन लाल बढोलिया निधन



**पवई।** नगर के प्रतिष्ठित मिलौनीगंज निवासी नाड़ी विशेषज्ञ डॉ जीवन लाल बढ़ौलिया का 95 वर्ष की आयु में आज रविवार सुबह लगभग 8 बजे निधन हो गया। जानकारी अनुसार उन्होंने लगभग 15 वर्ष शासकीय सेवा के बाद वालेन्ट्री सेवा निवृत्ति लेकर खुद के निवास पर लोगों का इलाज करने लगे। उनको निधन का दुखद समाचार सुनते ही मिलौनीगंज सहित नगर में शोक व्याप्त रहा। डा जीवन लाल नगर सबसे पुराने डाक्टर रहे। समाज सेवा में सबसे आगे रहना, गरीबों की मदद करना सरल स्वभाव के धनी थे। श्री बढ़ोलिया एक बार नगर परिषद में पार्षद भी रह चुके है,इनका अंतिम संस्कार सोमवार को प्रयागराज इलाहाबाद में किया जायेगा। वे अपने पीछे चार बेटे और तीन बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़कर गए।

### किसानों की दयनीय स्थिति, घर की खुशियाँ गायब, रोजी-रोटी का संकट

**देवेंद्रनगर।** भारत में किसानों की स्थिति गंभीर हो चुकी है। टमाटर जैसी फसलें जो पहले अच्छा मुनाफा देती थीं, अब भारी नुकसान का कारण बन गई हैं। मंडी में टमाटर का दाम 1 रुपए किलो से भी कम हो गया है, जिससे किसान अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं पा रहे। इसके कारण उनकी जीवनशैली प्रभावित हो गई है और घर में खुशियाँ गायब हो चुकी हैं। कई किसानों के पास बच्चों की किताबें तक नहीं हैं, किराया देना मुश्किल हो रहा है, और कुछ तो खाने के लिए मोहताज हो गए हैं। बीमार बच्चों का इलाज भी नहीं हो पा रहा क्योंकि पैसे नहीं हैं। नकुल कुशवाहा कहते हैं, टमाटर के दाम इतने गिर गए हैं कि हमें नुकसान में बेचने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। ट्रांसपोर्ट का खर्च भी अलग है। रामसखा कुशवाहा का कहना है, मंडी में 20 रूपये किलो बिकने के बावजूद ट्रांसपोर्ट और वापसी का खर्च इतना है कि फसल की कीमत शून्य हो जाती है। जगन्नाथ कुशवाहा कहते हैं, अगर टमाटर नहीं बिकते तो उसे वापस लाने का खर्च भी उठाना पड़ता है, जो हमारी स्थिति को और मुश्किल बना देता है। प्यारे कुशवाहा बताते हैं, टमाटर के दाम इतने कम हो गए हैं कि हमें उन्हें गाय-भैंसों को खिलाना पड़ता है। हमारी मेहनत का कोई सही मूल्य नहीं मिल रहा है। यह संकट केवल किसानों के लिए नहीं, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी एक बड़ी समस्या बन चुका है।

खड़ी फसल में आग लगने से भयभीत हो रहे किसान

# प्रतिबंध के बावजूद भी पांजी में किसान ने नरवाई में लगाई आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

खेतों में कटी फसल की नरवाई में आग लगाए जाने हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा सख्त प्रतिबंध लगाए जाने हेतु विगत माह आदेश जारी किया गया था एवं खेतों में आग नहीं लगायें जाने हेतु कृषि विभाग द्वारा काफी प्रचार प्रसार किया गया था लेकिन उसके बावजूद भी किसान खेतों में नरवाई जलाने से बाज नहीं आ रहे है जिसकी बानगी रविवार की हटा के समीपस्थ ग्राम पांजी बिनती गांव के बीच एक खेत में देखने को मिली जहां आसपास के खतों में गेहूं की फसल खड़ी हुई है। रविवार की रात्रि जैसे ही पांजी के एक किसान द्वारा अपने खेत की कटी फसल की नरवाई में आग लगाई गयी वैसे ही आसपास के खेतों में गेहूं की फसल खड़ी होने से किसानों के बीच हड़कंप मच गया और सभी आसपास के किसान नरवाई में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते रहे जहां बामुश्किल नरवाई में लगी आग को बुझाया गया। जिससे आसपास के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने की घटना को बचा लिया गया।

लेकिन गौर करने वाली बात है कि प्रशासन द्वारा विगत माह पूर्व से ही खेतों में नरवाई न जलाएं जाने हेतु किसानों को कृषि विभाग व पटवारी एवं पंचायतों के माध्यम से समझायस दी जाती है लेकिन इसके बावजूद भी लोगों द्वारा बेधड़क होकर खेतों में नरवाई जलाने का काम किया जा रहा है।

## संगीतमय देवी भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ एवं भव्य कलशारोहण समारोह 29 मार्च से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

29 मार्च से चेक की नवरात्रि शुरू हो रही है इसी को लेकर देवी मंदिरों की साफ सफाई का कार्य शुरू हो गया है इस अवसर पर नगर में पावन चैत्र नवरात्रि पर्व पर बड़ी खेरमाई धाम में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्देवी भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ एवं विशाल कलशारोहण समारोह सम्पन्न होने जा रहा है। जिसमें कथा व्यास एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता परम पूज्य पं. श्री रामनयन जी महाराज श्रीधाम पधार रहे खेर माता मंदिर में भव्य कलशारोहण कार्यक्रम 02 अप्रैल समय- प्रातः 07.44 से प्रातः 09.17 तक रखा गया है नौ दिवसीय भागवत कथा का समय दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक का है कार्यक्रम के अनुसार 29 मार्च को कलश यात्रा, श्री गणेशपूजन, श्री मद्देवी भागवत महात्म्य कथा, 30 मार्च सत्यवती एवं व्यासजी महाराज के जन्म की कथा , 31 मार्च राजा जन्मेजय एवं श्री कृष्ण जी की कथा एवं श्री कृष्ण भगवान से प्रश्न पूछना , 01 अप्रैल महिषासुर उद्धार की कथा एवं महात्म्य , 02 अप्रैल लक्ष्मी पुत्र एक वीर का जन्म, च्यवन मुनि का विवाह त्रिशंकु की कथा, राजा हरिश्चन्द्र का आख्यान , 03 अप्रैल श्री विश्वामित्र जी की कथा ,04



अप्रैल भगवान सूर्यदेव की कथा , 05 अप्रैल श्री तुलसी जी के विवाह की कथा , 06 अप्रैल श्री रुद्राक्ष का महात्म्य एवं कथा विश्राम ,07 अप्रैल हवन पूर्णाहुति, कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा का भव्य आयोजन किया गया है कार्यक्रम के आयोजक समस्त नगरवासी एवं धर्मप्रेमी बन्धु है कार्यक्रम के निवेदक मां बड़ी खेरमाई मंदिर समिति ने सभी स्वजन एवं कुटुम्बीजन इष्टमित्रों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को भव्य बनाने में सहयोग प्रदान करें तथा पुण्यलाभ अर्जित करें।

## ई-आफिस सॉफ्टवेयर का दिया प्रशिक्षण



**दमोह।** शासन द्वारा समस्त शासकीय विभागों में ई-आफिस प्रणाली को लागू किया जाना है। ई-आफिस का प्रशिक्षण निरंतर ई-दक्ष केंद्र में दिया जा रहा है। इससे आधुनिक तकनीकी का उपयोग करके कार्यालयों का संचालन किया जा सकेगा। इस सबंध में ई गर्वनेंस मैनेजर महेश अग्रवाल ने बताया ई-दक्ष केंद्र में उक्त प्रशिक्षण वरिष्ठ प्रशिक्षक हर्षा मिश्रा एवं प्रशिक्षक शिवम् अरजरिया के द्वारा दिया गया। जिले के समस्त शासकीय विभागों के जिला कार्यालयों में पदस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-आफिस सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया गया।

## वृद्धआश्रम में वस्त्र एवं स्वल्पाहार किया वितरित

**दमोह।** अखिल भारतवर्ष दिगंबर जैन महिला परिषद की प्रिय कारिणी संभाग से इंद्राणी शाखा द्वारा भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याण के अवसर पर संभाग की समस्त शाखों के सानिध्य में अपना घर (वृद्ध आश्रम) में वस्त्र वितरण एवं स्वल्पाहार मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संभागीय अध्यक्ष श्रीमती रितु जी की बेटी आस्था के जन्म दिवस के उपलक्ष पर स्वल्पाहार वितरित किया गया। दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ एवं बड़े बाबा के जयकारे के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ सभी वृद्धो का आशीर्वाद सभी को प्राप्त हुआ। एवं सभी ने उनके अतीत को साझा करते हुए उनके साथ बातचीत की बहुत ही हर्ष पूर्ण



वातावरण में यह कार्यक्रम हुआ। इंद्राणी शाखा द्वारा बुजुर्गों के जरूरत के वस्त्र महिलाओं को पेटिकोट एवं ब्लाउज एवं पुरुष वर्ग को अंडरगारमेंट आदि वितरित किए। और अपना घर में ही आदिनाथ जयंती के दिवस बड़े उल्लास के साथ होली मिलन का कार्यक्रम भी संपन्न किया। कार्यक्रम में प्रांतीय संरक्षिका श्रीमती चंद्रप्रभा एवं सीमा, संभागीय अध्यक्ष रितु संभागीय सचिव ज्योति प्रांतीय चेयरपर्सन सारिका इंद्राणी शाखा संरक्षिका रेखा इंद्राणी शाखा अध्यक्ष रचना उपाध्यक्ष सुविधा वर्षा सचिव प्रगति कोषाध्यक्ष आभा नसिया शाखा अध्यक्ष समता सचिव सीमा आदिनाथ शाखा से सचिव मनीषा कोषाध्यक्ष प्रीति सह कोषाध्यक्ष निधि एवं शाखा की सक्रिय सदस्य निर्मला एवं अनेक सदस्यों सहित समस्त पदाधिकारी के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ समापन बेला पर शाखा अध्यक्ष रचना द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जैन मिलन शाखा पटेरा ने सभी का माना आभार

**पटेरा।** श्री बडे बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुण्डलपुर ने कोटा ग्राम में आचार्य श्री समय सागर जी की आगवानी में शामिल होने वाले सभी जैन जैनेत्तर के प्रति आभार प्रकट किया है। शाखा की ओर से नरेन्द्र बजाज, महेश जैन, राजेद्र राही, राजेन्द्र बजाज, नीलेश सराफ, पंकज जैन, अतुल चौधरी, प्रशांत सेठ, जिनेन्द्र बडकुल, संजय बडकुल, महेश सेठ, लक्ष्मीचंद, मोनू, गोकलचंद जैन, राकेश जैन व निर्मल जैन ने आभार जताकर इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की है।

## रेलवे विभाग की आंखों में झोंकी धूल: निर्माण में किया घटिया सामग्री का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

घटेरा स्टेशन के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता कमजोर हो रही है। रेलवे ठेकेदार द्वारा सीमेंट, रेत, गिट्टी के मसाले में साफ पानी की जगह मिट्टी युक्त पानी का उपयोग किया जा रहा है, जो निर्माण कार्य को कमजोर बना रहा है। इस मामले में कंट्रक्शन विभाग के अधिकारियों और रेलवे ठेकेदार की मिलीभगत सामने आ



रही है, जो अधिक मुनाफा कमाने के लिए घटिया निर्माण कार्य करा रहे हैं। यह मामला रेलवे विभाग की आंखों में धूल झोंकने का एक उदाहरण है। इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता कमजोर होने से कुछ महीनों में ही इसका अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यह मामला रेलवे विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती है, जिसे तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

## स्मार्ट मीटर से छेड़खानी करने वाले 4 उपभोक्ताओं पर कंपनी ने निकाली 1 लाख 25 हजार की रिकवरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर में स्मार्ट मीटर से छेड़खानी करने वालों पर कार्यवाही की गई , कैसे छेड़खानी करने वाले 4 उपभोक्ताओं पर 1 लाख 25 हजार की बसूली निकल गयी है , मीटर से छेदछाड और मीटर बाईपास के संदेश प्राप्त होने पर यह कार्रवाई की गई है , ज्ञात हो कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 11 जनवरी से नगर में स्मार्ट मीटर लगने शुरूआत हो गई हैं नगर के साथ यह ग्रामीण अंचलों में भी लगना शुरू हो गए थे स्मार्ट मीटर से सबसे बड़ा उपभोक्ता को यह फायदा मिलेगा की प्रत्येक माह है ऑटोमेटिक रीडिंग हो जाया करेगी रीडिंग करने वालों की समस्या भी समाप्त होगी और लोगों को गलत रीडिंग भी नहीं होगी इसके अलावा किसी भी प्रकार से उपभोक्ता द्वारा मीटर से छेड़छाड़ करने पर तत्काल इसका मैसेज सीधे विभाग के पास पहुंचना शुरू हो गए हैं। केंद्र सरकार की आर.डी.एस.एस. योजना में विद्युत वितरण कंपनी ने अब स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं कंपनी की ओर से नगर में लगभग कुल 5 हजार स्मार्ट मीटर लगना है अब तक लगभग नगर में 35 सौ से 38 सौ बदले जा चुके हैं स्मार्ट मीटरों से कृषि श्रेणी के अलावा समस्त उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाने हैं।

### इनका कहना है

विद्युत कंपनी के सहायक अभियंता एम एफ अंसारी ने बताया कि नगर में लगभग 35 सौ से 38सौ स्मार्ट मीटर लग चुके हैं स्मार्ट मीटर से छेड़खानी करने वाले 4 उपभोक्ताओं पर 1लाख 25 हजार की रिकवरी निकल गयी है , मीटर से छेदछाड और मीटर बाईपास के संदेश प्राप्त होने पर कार्यवाही की गई है , उन्होंने सभी सम्मानीय उपभोक्ताओं से अपील की है कि मीटर एवं सर्विस लाइन से छेड़छाड़ नहीं करें, अगर सर्विस लाइन में कट है तो वितरण केंद्र में आवेदन दे कर अपनी सर्विस लाइन बदलवा लें तथा समय से बिल का भुगतान करें और असुविधा से बचे ।

सामुदायिक नल जल प्रबंधन से ही सबको मिल सकेगा पानी: शिवम सिन्हा महाप्रबंधक जल निगम

## विश्व जल दिवस के मौके पर सम्मानित हुए जल मित्र





पन्ना।

विश्व जल दिवस के अवसर पर समर्थन संस्था द्वारा जिले स्तर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिवम सिन्हा एवं उनकी टीम, प्रदान संस्था से कुंदन कुमार ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि सिंगरोल गुखोर के सरपंच मोजी लाल वर्मा, जरधोवा की सरपंच राम रानी राजगोंड, ग्राम जल स्वच्छता तदर्थ समिति के सदस्य, पंप ऑपरेटर, समर्थन संस्था से राजकुमार मिश्रा, हरेंद्र पांडेय, स्वप्निल सिंह, सुरेंद्र त्रिपाठी, कमल चंद्र सेन, तथा चाली राजा वालंटियर और जल मित्र कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में राजकुमार मिश्रा ने समर्थन संस्था के विजन एवं मिशन की जानकारी दी।

## विश्वजल दिवस पर हुआ साफ सफाई कार्यक्रम



**झालोन।** रविवार को प्रस्फुटन ग्राम पुरा चोपड़ा कुआं साफ सफाई कार्यक्रम किया गया। शासन की मानसानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में माननीय कलेक्टर महोदय सुधीर कुमार कोचर के सानिध्य मे संस्था, स्व राम सिंह लोधी समग्र कल्याण समिति पुरा करौंदी,, के नेतृत्व में ग्राम वासियों के सहयोग से सार्वजानिक कुआं के चारों तरफ की साफ सफाई ओर दोनो तरफ सोख फिट बनाए गए जिससे निस्तार का जल सोखता जाए। इस अवसर पर मौजूद मोहत सिंह, प्रेम सिंह, हल्ले सिंह, राजाराम सिंह, हल्ले सिंह, राजू सिंह, महेन्द्र सिंह,दुर्गेश सिंह, आदर्श सिंह दुर्गेश सिंह शुभम सिंह ओर मात्र शक्ति संस्था प्रतिनिधि दुर्जन सिंह लोधी के अलावा ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## उत्साह के साथ मनाया भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिन शासन प्रवर्तक, जैन धर्म के वर्तमान काल के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव, आदिब्रह श्री 1008 आदिनाथ भगवान का जन्मकल्याणक चैत्र कृष्ण नवमी को मनाया गया। सनातन धर्म में सर्वमान्य देव के रूप में श्री ऋषभ देव सर्वमान्य और पूज्यनीय है। श्री दिग जैन कांच मंदिर में सुबह 7बजे मूलनायक भगवान आदिनाथ का मस्तकाभिषेक शांतिधारा पंडित श्री डॉ आशीष जैन के द्वारा कराया गया एवं पूजन विधान संपन्न हुआ। दोपहर में रेलवे स्टेशन रोड पर सर्वसमाज जन मानस के बीच फल का वितरण करके जैन धर्म अहिंसा धर्म के संदेश को जन जन तक पहुंचने का ओर समरसता के भाव से जैन समाज के ओतप्रोत होने का अनूठा प्रयास किया।

इसी क्रम में श्री दिगम्बर जैन कांच मन्दिर कमेटी द्वारा पूजन अभिषेक के बाद सभी को फल वितरित कर भगवान आदिनाथ जयंती को उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें कांच मन्दिर कमेटी अध्यक्ष सतीश जैन कल्लन, उपाध्यक्ष मनोज जैन मीनू, महामंत्री, सोनू जैन नेता, कुंडलपुर कमेटी के मंत्री पदम्-जैन खली, महेंद्र पटवारी, राजकुमार जैन सन्मति, गुड्डू जैन, सुधीर जैन, रजनीश जैन,मैनेजर राहुल जैन, सभी महिला मंडल सहित समाज के सभी लोगो की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए चुनाव अधिकारियों के साथ की बैठक

**दमोह।** चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर देशभर में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ सीईओ, डीईओ और ईआरओ स्तर पर बैठकें की जा रही है। पूरे देश में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिले और राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकें 31 मार्च, 2025 तक पूरी कर ली जाएंगी। आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से लंबित प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण के लिए चुनाव अधिकारियों के साथ बैठकों में शामिल होकर जमीनी स्तर की भागीदारी का सक्रियता पूर्वक लाभ उठाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य-क्षेत्रों के सभी 788 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और 36 सीईओ को राज्य, जिला एवं क्षेत्र स्तर पर बैठकर कर लंबित प्रकरणों का समाधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने के निर्देश दिए गए थे।

### सूचना मिलते ही तेजगढ़ वन परिक्षेत्र से रेस्क्यू करने टीम रवाना

# दिनारी हाईस्कूल के पास खेतों में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

रविवार को ग्राम कलुआ दिनारी में शाम 5 बजे दिनारी हाईस्कूल के पास बनी एक पुलिया से निकल कर खेतों में जाता हुआ विशालकाय मगरमच्छ दिखाई दिया है जिसके बाद लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना लोगों द्वारा तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे को दी गई जिन्होंने वन अमले को टीम को तुरंत दिनारी गांव रवाना किया है। दरअसल ब्यारमा नदी से एक मगरमच्छ रहवासी इलाके से खेतों में जा पहुंचा। वहीं पास से गुजर रहे लोगों में मगरमच्छ को देखने के बाद हड़कंप के हालत निर्मित हो गए। वहीं पास में खड़े कुछ लोगों द्वारा खेत में चहल कदमी कर रहे मगरमच्छ का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसकी जानकारी तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी को भी लगी। सूचना मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों का मौके पर जमावड़ा लग गया। जहां कुछ लोगों के द्वारा घटना की सूचना तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे को दी गई। वहीं मौके पर पहुंचने के लिए टीम रवाना हो चुकी है जिसके बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। ग्रामीणों का कहना है पास में ही ब्यारमा नदी होने के कारण यहां भारी भरकम मगरमच्छ हैं जो आए दिन आते रहते है। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहता है।



उल्लेखनीय है कि कोटखेड़ा तारादेही सर्रा झलौन तेजगढ़ इमलिया होते हुए निकली ब्यारमा नदी में हजारों की संख्या में मगरमच्छों का बसेरा है यहां पर बड़ी संख्या में मगरमच्छों को देखा जा सकता है। जुलाई माह में ही ब्यारमा नदी में नहाने के दौरान मगरमच्छ द्वारा कई लोगों पर जानलेवा हमला किया था साथ ही एक आठ साल के बच्चे को भी खीच कर पानी में ले गया था। इन हालातों के चलते आमजन को नदी के पास जाने के लिए वन अमले द्वारा प्रतिबंधित कर दिया है। लेकिन लोग अभी भी नदी किनारे जाते हैं वहीं ब्यारमा नदी में मगरमच्छों की संख्या ज्यादा होने और गर्मियों के दिनों में कुछ स्थानों पर नदी का पानी सुख जाने के चलते मगरमच्छ नदी से निकलकर यहां वहां पहुंच जाते हैं जिससे लोगों को खतरा बना रहता है मगरमच्छ रहवासी इलाकों में पहुंचने से जिससे आमजन के साथ वन अमले की चिंता भी बढ़ रही है। तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे ने बताया गया सूचना मिलते ही टीम को भेजा गया है मगरमच्छ का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

# अंधियारा बगीचा शराब दुकान के गद्दीदार की संदिग्ध मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के अंधियारा बगीचा में संचालित शराब दुकान में गद्दीदार की मौत हो जानें का घटनाक्रम सामने आया है हटा पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कार्यवाही कर मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया। जानकारी के अनुसार राजू राय पिता जगमोहन राय उम्र 45 बर्ष निवासी सलैया थाना कुम्हारी हटा के अंधियारा बगीचा में संचालित शराब दुकान का गद्दीदार था शनिवार की दरमियानी रात्रि जिसकी मौत हो गई वहीं रविवार सुबह जब दुकान के कर्मचारियों द्वारा गद्दीदार राजीव राय को मृत अवस्था में देखा तो तुरंत ही पुलिस थाना हटा को सूचना दी गई जहां मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही कर मामले की जांच की जा रही है। घटना में जानकारी यह सामने आ रही है कि मृतक प्रथम दृष्टया टीवी का मरीज था जिसका उपचार भी चल रहा था और शराब दुकान में वह अपनें साथियों से अलग सोता था जिसके चलते सुबह जब अन्य कर्मचारियों ने उसे देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ा मिला।बहरहाल पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## उन्नत नस्ल वत्स प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** हैडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड यूनिट नरसिंहगढ़ दमोह के सामाजिक उत्तरदायित अंतर्गत एकीकृत पशुधन विकास कार्यक्रम के तहत आयोजित उन्नत नस्ल वत्स प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 45 वत्स प्रदर्शनी में शामिल हुए। जिसमें साहिवाल के 10 बछिया गिर के 14 बछिया एच एफ के 11 बछिया जर्सी के 8 और गिर के 2 मिलकिंग गाय आए जिसमें प्रथम पुरस्कार जय राम यादव इलाई के गिर बछिया को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार विमला बाई रजक नरसिंहगढ़ को तृतीय पुरस्कार जगदीश वेद वैध किशनगंज को दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखन पटेल पशुपालन एवं देरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता श्रीधर एवं सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बिदोलिया एवं पशुपालन विभाग से उपसंचालक डॉक्टर संजय पांडे डॉक्टर के पी कुर्मी एवं सभी गांव के पशुपालक बंधु उपस्थित हुए एवं बाएफ संस्था से एपीओ गौतम प्रसाद यादव उपस्थित रहे।

## क्षमता वर्धन कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर




**सिंग्रामपुर।** आराधना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जबेरा के ग्राम बडेरा में एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। आराधना फाउंडेशन के मार्गदर्शक रानू नामदेव ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में अवसर मिल रहे हैं, लेकिन उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों की रक्षा करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष दिनेश साहू ने महिलाओं को मिलने वाले लाभ और महिला कानून की जानकारी दी। बैठक में आजिविका मिशन प्रबंधक अजय शुक्ला, गोविंद सिंह ठाकुर, रागिनी राय, संध्या गौंड, साधना विश्वकर्मा और स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

# पूर्व मंत्री पटेरिया ने खेतों में जाकर देखी प्रभावित फसलों की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजा पटेरिया ने पटेरा ब्लॉक का भ्रमण किया। श्री पटेरिया को किसानों द्वारा ओलावृष्टि से नुकसान की जानकारी दी गई थी जिसके बाद वह क्षेत्र में किसानों से मिलने पहुंचे व हालात का जायजा लिया। उन्होने ग्राम बमुरिया, बरखेड़ा पिपरिया, कुंडलपुर, फतेहपुर, बिलगुवा, सिंगपुर आदि का दौरा किया। ओलावृष्टि में जो किसानों की फैसले नष्ट हुई थी उन्होने उनकी जानकारी एकत्रित की व शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग रखी। श्री पटेरिया ने कहा कि शासन से मुआवजा दिलाने के लिये वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के माध्यम से सरकार तक किसानों की बात पहुंचाई जाएगी ताकि मुआवजा वितरण में कोई पक्षपात न हो पाये। ग्राम सेमरा संतोष, कौड़िया, गाता, बरखेरा बैस, कुंडलपुर, फतेहपुर, सिंगपुर, चौपरा, महूना, नादिया, कुड़ई, पिपरिया, शिकारपरा, बम्होरी, मंगोलपुर, रुसल्ली सहित 60 से अधिक गांवों में फसलों का भारी नुकसान हुआ है। सर्वे के अनुसार 6 गांवों में 90% तक नुकसान (मंगोलपुर, बम्हुरिया आदि), 12 गांवों में 75% से अधिक फसल बर्बाद 18 गांवों में 50% नुकसान, अन्य गांवों में 25-40% तक क्षति प्रमुख रूप से गेहूं की फसल को 70% तक नुकसान हुआ है। इस दौरान नबाब सिंह, ज्ञानी यादव, महेश ताम्रकार, पर्वत, प्रमोद जैन, बहादुर सिंह लोधी, भुवानी प्रसाद भी साथ रहे और किसानों की पीड़ा को साझा किया। राजा पटैरया जी ने मांग की कि सरकार को तुरंत कानूनी और बीमा योजनाओं के तहत किसानों को मुआवजा देना चाहिए। यदि शीघ्र राहत नहीं दी गई, तो कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होने कहा कि सभी प्रभावित गांवों का निष्पक्ष सर्वे कर वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कंपनियों को जल्द से जल्द मुआवजा जारी करने के निर्देश दिए जाएं। ₹50,000 प्रति एकड़ राहत राशि दी जाए। किसानों को कर्ज माफी और आर्थिक सहायता दी जाए। यदि सरकार जल्द कार्रवाई नहीं करती, तो कांग्रेस किसानों के हक के लिए सड़कों पर उतरेगी।

## पुलिस अधीक्षक ने देर रात नोहटा थाना का किया औचक निरीक्षण



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक दमोह श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा दिनांक 22-23 मर्च 2025 की मध्य रात्रि में थाना नोहटा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने के अभिलेख का अवलोकन किया व थाने में लगे सभी सीसीटीवी ,जप्त रखे वाहनों को चेक किया तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए एवं अन्य राजपत्रित अधिकारियों को भी औचक निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। रात्रि भ्रमण के दौरान गश्त पाइंटों पर तैनात पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को चेक किया। थाने के 100 डायल के नोडल पॉइंट व एफ़आरवी बुक को चेक किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि आगामी दिवसों में भी किसी भी थाने पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया जा सकता है एवं कार्य में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों में सर्वे कार्य का लिया जायजा

**दमोह।** कलेक्टर दमोह के निर्देश पर अधिकारी और राजस्व अमला ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में सतत सर्वे कार्य मे लगे हुए हैं। अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने ग्राम खमरिया, पटेरा के राजाबंदी में सर्वे कार्य का जायजा लिया। साथ ही ग्राम फतेहपुर, पटेरा में राजस्व और कृषि विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया।

### कुण्डलपुर में प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव आचार्य श्री समयसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मनाया गया

# अंतरंग लक्ष्मी को प्राप्त करने का लक्ष्य साधक का होता है: आचार्य श्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव विद्या शिरोमणि प.पू.आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, श्री आदिनाथ विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने पूज्य बड़े बाबा का चरणाभिषेक किया। शांतिधारा का वाचन परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर जी महाराज द्वारा किया गया। आचार्य श्री की पूजन हुई। इस अवसर पर प.पू. आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा महावीर जयंती तो पूरे भारतवर्ष में मनाई जाती है किंतु आज आदिनाथ भगवान की जन्मजयंती जन्म कल्याणक का यह पुनीत पावन अवसर आप लोगों को प्राप्त हुआ है आज की तिथि में ही आदिनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक दोनों अवसर आपको प्राप्त हो रहा है। वस्तुतःआगम ग्रन्थों के आधार पर यह बात समझ में आ जाती है कि मोहनीय कर्म के क्षय फलस्वरुप अथवा चार घातिया कर्म के क्षय फलस्वरुप केवलज्ञान की उपलब्धि होती है। किंतु केवली कई प्रकार के होते हैं उनमें सामान्य केवली का भी वर्णन मिलता है और तीर्थंकर केवली का भी वर्णन मिलता है ।दोनों में अंतरंग दृष्टि से देखेंगे कर्मक्षय की दृष्टि से देखेंगे तो केवलज्ञान में कोई भी अंतर नहीं है। केवलज्ञान की दृष्टि से कोई भी अंतर नहीं पाया जाता। क्योंकि क्षायिक ज्ञान माना जाता अंत चतुष्टय की प्राप्ति सामान्य केवली हो तीर्थंकर केवली हो सबको प्राप्त हो चुका है। विशेषता यह है तीर्थंकर प्रकृति के वंध के फलस्वरुप जो की केवली और श्रुतकेवली के पादमूल में ही तीर्थंकर प्रकृति का वंध षोडसकारण भावना के माध्यम से होता है ।ज्यो ही मोहिनी कर्म का क्षय हो जाता है तेरहवे गुण स्थान में तीर्थंकर प्रकृति का उदय हो जाता है। उस उदय के फलस्वरुप समोशरण की रचना होती है। आप लोग सुबह उठ जाते हैं स्नानादि से निवृत होकर अपने आप को आईना में देखते हैं आईना का क्या मायना है आईना अर्थात दर्पण होता उसमें अपना चेहरा देखते जब आप बाहर निकलते सारे लोग आपका चेहरा देखते। मैं अच्छा लगू फोटो निकालते फोटो में क्या आ रहा है आपका चेहरा शरीर वस्त्राभूषण आदि फोटो में आ रहा है किंतु जो परमात्म तत्व है जो आत्मतत्व है वह उसे कैमरे में नहीं आ सकता ।क्योंकि वह अमूर्त आत्मतत्व है और अमूर्त आत्मतत्व को प्राप्त करने जो महान आत्माएं हुई हैं उन्होंने मोक्ष मार्ग पर आरुण होकर रत्नात्रय के माध्यम से शरीर से आत्मतत्व को पृथक कर लिया है ।इसका अनंतसुख का अनुभव प्रतिपल प्रति समय करते रहते हैं ।वापस इस धरती पर कभी आएंगे नहीं ।निर्वाण का लाभ प्राप्त हो जाता है। लोक के अग्रभाग पर जाकर विराजमान होते हैं ।साधना का फल है अंतरंग लक्ष्मी को प्राप्त करने का लक्ष्य प्रत्येक साधक का होता है। उस लक्ष्य को प्राप्त करने ही गुरुदेव ने हम लोगों को मार्ग प्रशस्त किया है उस मार्ग पर आरुण होकर अपनी साधना को उन्होंने पूर्ण कर लिया है। हम लोगों के लिए प्रतिफल यही संबोधन रहा है चतुर्विध संघ के लिए।मनुष्य पर्याय बहुत दुर्लभ मानी जाती है इस पर्याय को सार्थक करने जो सच्चे देव शास्त्र गुरु की साधना में लग जाता है निश्चित रूप से अल्प समय में वह घड़ी आएगी वह पूर्णतः मोक्ष मार्ग के योग्य सामग्री को प्राप्त करके साधना के माध्यम से आत्म निधि को प्राप्त करने का प्रयास कर सकता है। बिना पुरुषार्थ के कोई भी वस्तु उपलब्ध नहीं हो सकती । इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा ,रिद्धिकलश करने का सौभाग्य अंशुल जैन न्यायाधीश अशोक जैन गुना जबलपुर ,अनिल ज्ञानचंद फिरोजपुर, किरीट हर्ष कोमल मुंबई, विकास राखी दुर्गापुर, नेमीचंद संतोष भीलवाड़ा ,हर्षित महेश बम्होरी राजकुमार नीरज तेंदूखेड़ा, वैभव नमन नवीन ध्रुव रेवाड़ी, डॉ मानकचंद्र शीलचंद जबलपुर ,राकेश ईशान डिंडोरी, हर्ष शुभम टूंडला ,तुषार अक्षय सर्वेश कन्नौज को प्राप्त हुआ। आचार्य संघ की आहार चर्या संपन्न हुई। दोपहर में विद्याभवन में मुनि श्री विनीतसागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुए।सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई।



## वसुंधरा नगर में हर्षोल्लास से मनाई गई भगवान आदिनाथ जयंती

**दमोह।** श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर वसुंधरा नगर में आदि ब्रम्हा, देवाधिदेव प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जी का जन्म व तप कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। प्रतिवर्षानुसार मंदिर जी में भगवान श्री आदिनाथ जी की मनोहारी मूलनायक प्रतिमा जी का महामस्ताभिषेक कार्यक्रम बडे ही उत्साह व उल्लास से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुबह से अभिषेक की विधिन प्रारंभ हुई जिसमें श्रावकजनों ने सौधर्म इन्द सहित चार इन्द्र बनकर भगवान के ऊपर प्रथम कलश करने का सौभग्य पाया। सौधर्म इन्द्र बनकर प्रथम कलश करने का सौभाग्य प्रेमचंद जी जैन अनुज जैन नोहटा वालों ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त द्वितीय कलश नरेन्द्र बजाज पत्रकार, तृतीय कलश सुनील कुमार जैन बीमा, चतुर्थ कलश पं प्रेमचंद जी जैन ने लिया जिन्होने इन्द्रों की वेशभूषा में अभिषेक प्रारंभ किया। भगवान का अभिषेक करने व शांतिधारा करने होड़ रही। शांति करने का सौभाग्य भी प्रेमचंद जी जैन अनुज जैन नोहटा वालों ने प्राप्त किया वहीं दूसरी शांतिधारा शिवांजय जैन पेट्रोल पंप परिवार ने प्राप्त किया। आदिनाथ भगवान की आरती, पूजन, संगीत मय रूप से किया गया। सभी ने नाच गाकर खुशियां मनाई। मंदिर कमेटी द्वारा सभी व्यवस्थायें की गई।





### टीवी मुक्त अभियान का हुआ समापन

# विश्व क्षय दिवस आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मुकेश जैन के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान का आयोजन 7 दिसंबर 2024 से किया जा रहा है जिसका समापन आज 24 मार्च वर्ल्ड टी. वी. डे पर हो रहा है। टी बी मुक्त ग्राम पंचायत एवं वर्ल्ड टी बी डे कार्यक्रम का आयोजन 24 मार्च, दिन सोमवार को, गुरु कृपा रेजीडेंसी होटल, स्टेशन के पास से 11:00 बजे किया जा रहा है जिसमें दमोह जिले की 41 ग्राम पंचायतें जो टी बी फ्री हो रही है। उन ग्राम पंचायत को माननीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पूज्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाना है उक्त कार्यक्रम में हंड्रेड डेज अभियान के अंतर्गत दमोह जिले के जिन सी एच ओ,एएनएम, आशा एवं मेडिकल पैरामेडिकल स्टाफ ने उत्कृष्ट कार्य किया है। उनका भी सम्मान मंच से किया जाना है। 23 मार्च टीवी जनजाति अभियान के अंतर्गत सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों की उपस्थिति विश्व क्षय दिवस पर पौधारोपण किया गया एवं प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान 2025 की जानकारी उपस्थित जन को दी गई सबसे छोटी नि_क्षय मित्र कु. मिशिता राजपूत (8वर्ष) के द्वारा पौधारोपण किया गया और टी बी हारेगा देश जीतेगा उदघोष कर टी बी से संबंधित जानकारी शेयर की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला क्षय अधिकारी, कदम संस्था की टीम एवं स्वयं सेवी संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।